तुमसे मिलने खाटू आना,
बड़ा अच्छा लगता है,
तुमको दिल का हाल सुनाना,
बड़ा अच्छा लगता है,
तू रहे मैं रहूं तू कहे मैं कहूं,
उम्र भर, बड़ा अच्छा लगता है,
तुमसे मिलने खाटु आना,
बड़ा अच्छा लगता है।।

तर्ज तुमसे मिलना बातें करना।

आए ग्यारस की जो रात,
करने तुमसे मुलाकात,
दौड़ा आऊँ सांवरे,
मैं तो प्रेमियों के साथ,
कोई प्रेम वाली डोर,
खींचे मुझको तेरी ओर,
दिल पे चलता ना कोई जोर,
मेरा सांवरिया चितचोर,
तू रहे मैं रहूं तू कहे मैं कहूं,
उम्र भर, बड़ा अच्छा लगता है,
तुमसे मिलने खाटु आना,
बड़ा अच्छा लगता है।।

सुख हो दुःख हो मेरे श्याम,

दौड़ा आऊँ खाटू धाम,
लेके बाबा तेरा नाम,
मेरा चलता है हर काम,
तेरी चर्चा तेरे गीत,
लेते दिल को मेरे जीत,
बन गया तू मेरा मनमीत,
हो गई तेरी मेरी प्रीत,
तू रहे मैं रहूं तू कहे मैं कहूं,
उम्र भर, बड़ा अच्छा लगता है,
तुमसे मिलने खाटु आना,
बड़ा अच्छा लगता है।।

मेरा झूमे अंग अंग,
रहता तू तो मेरे संग,
छाई रहती है उमंग,
मुझ पे चढ़ गया तेरा रंग,
जबसे पाया तेरा दर,
ना कोई चिंता ना फिकर,
रखता तू मेरी खबर,
रोमी को फिर कैसा डर,
तू रहे मैं रहूं तू कहे मैं कहूं,
उम्र भर, बड़ा अच्छा लगता है,
तुमसे मिलने खाटु आना,
बड़ा अच्छा लगता है।।

तुमसे मिलने खाटू आना,
बड़ा अच्छा लगता है,
तुमको दिल का हाल सुनाना,

बड़ा अच्छा लगता है,
तू रहे मैं रहूं तू कहे मैं कहूं,
उम्र भर, बड़ा अच्छा लगता है,
तुमसे मिलने खाटु आना,
बड़ा अच्छा लगता है।।

Singer Ritesh Manocha
Lyrics Romi Ji

Source:
https://www.bharattemples.com/tumse-milne-khatu-aana-bada-acha-lagta-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw